## न्यूज डायरी



### 629 पाकिस्तानी लड़कियों को शादी के नाम पर देह व्यापार के लिए बेचा गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। लाहौर के इस पुलिस स्टेशन की स्थिति थोड़ी अलग कही जा सकती है। पन्नों के बाद पन्ने और एक के बाद 629 लड़कियों और महिलाओं का नाम जो पाकिस्तान के अलग–अलग हिस्सों की रहनेवाली हैं। इन सभी महिलाओं और युवतियों के साथ एक जैसी त्रासदी हुई। चीन के पुरुषों से इनकी शादी हुई और फिर उन्हें चीन ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें देह व्यापार के अंधेरे में धकेल दिया गया। समाचार एजेंसी एपी के पास इन सभी पीड़ित महिलाओं के दस्तावेज हैं। पाकिस्तान की जांच एजेंसियां मानव तस्करी के इस नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हैं। ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार देश की सबसे मजबूर और कमजोर तबके की महिलाएं ही होती हैं।

### अफगानिस्तान में हमले में जापानी चिकित्सक, पांच अफगान मारे गये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नानगरहार में बुधवार सुबह हुए एक हमले में जापान के एक चिकित्सक और पांच अफगान नागरिक मारे गए।अधिकारियों ने बताया कि 'पीस जापान मेडिकल सर्विस' का नेतृत्व कर रहे डा. तेत्सु नाकामुरा (73) को हमलावारों ने जलालाबाद में उस समय निशाना बनाया, जब वह वाहन में बैठे थे। हमले में वह घायल हो गये थे।'' नानगरहार के गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्लाह खोग्यानी ने कहा, ''डा. नाकामुरा की मौत हो गई है और उनके तीन सुरक्षा गार्ड, चालक और एक अन्य सहकर्मी की मौत हो गई।'' यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब मानवीय सहायता समूह यहां हाई अलर्ट पर हैं क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के लिए काम कर रहे एक अमेरिकी व्यक्ति की कुछ दिन पहले ही काबुल में एक हमले में मौत हो गई थी। नाकामुरा के संगठन से जुड़े एक अधिकारी मित्सुजी फुकुमोतो ने टोक्यो में पत्रकारों से कहा, ''हमें पता नहीं है कि हमले के पीछे क्या कारण है।'' नाकामुरा अफगानिस्तान में अपने सहायता कार्यों के लिए प्रसिद्ध थे जो दशकों से यहां काम कर रहे थे।

### यूएस संसद में उइगरों के मानवाधिकार का बिल पारित, चीन ने किया विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। अमेरिकी संसद में उइगर मानवाधिकार नीति विधेयक पारित होने का चीन ने विरोध किया है। इस विधेयक में अमेरिका ने चीन में नजरबंद कर रखे गए उइगर मुस्लिमों और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों तक संसाधनों को पहुंचाने का प्रस्ताव दिया है। चीन के सरकारी विभागों ने बुधवार को इस विधेयक की कड़ी आलोचना करते हुए बयान प्रकाशित किया है जिसमें अमेरिका के इस कदम को चीन के आंतरिक मामले में दखल देने का दूसरा उदाहरण बताया गया है। चीन की संसद के विदेश मामलों के आयोग ने कहा कि अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और शिनजियांग में मानवाधिकार को सुरक्षित करने के पेइचिंग के कदमों की तरफ आंख बंद कर लिया है। विधेयक में अमेरिका द्वारा चीन में नजरबंद कर रखे गए 10,00,000 उइगर मुस्लिमों और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों तक संसाधनों को पहुंचाने का प्रस्ताव दिया गया है।

### अमेरिका यदि प्रतिबंध हटाये तो ईरान वार्ता के लिए तैयारः रूहानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी ने बुधवार को कहा कि ईरान इस शर्त पर अब भी परमाणु वार्ता करने को तैयार है कि अमेरिका पहले ''नियम विरुद्ध'' प्रतिबंध हटाये। रूहानी ने सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित अपने बयान में कहा, ''यदि वे प्रतिबंधों को दरकिनार करने को तैयार हैं तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं, 51 देशों के प्रमुखों के स्तर पर भी।'' रूहानी ईरान के पी51 के तहत वार्ता में वापस लौटने के लिए लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहे हैं जिनके बीच 2015 में परमाणु समझौता हुआ था। पी51 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्य और जर्मनी शामिल हैं।

# क्रिसमस गिफ्ट में क्या चाहते हैं यह अमेरिका को तय करना है

**परमाणु समझौता**

## परमाणु समझौते वर वार्ता की जिम्मेदारी नॉर्थ कोरिया ने अमेरिका पर डाली

- नॉर्थ कोरिया में इन दिनों सोशलिस्ट यूटोपिया शहर बसाने को लेकर सेलिब्रेशन चल रहा है
- जब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचते परमाणु कूटनीति पर आगे बढ़ने में दिलचस्पी नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया एक बार फिर परमाणु समझौते को लेकर चर्चा में है। परमाणु कूटनीति के लिए अमेरिका पर पूरी जिम्मेदारी डालते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह अमेरिका पर निर्भर करता है कि वह क्रिसमस पर क्या तोहफा चाहते हैं। उत्तर कोरिया की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि हम अमेरिका के साथ परमाणु कूटनीति में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकलकर नहीं आता तब तक इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं।

**अमेरिका बताए, क्रिसमस गिफ्ट में क्या चाहते हैं?:** नॉर्थ कोरिया के वाइस फॉरेन मिनिस्टर और अमेरिका से जुड़े मामलों के प्रभारी ने मंगलवार को बयान जारी किया। उन्होंने कहा, श्उत्तर कोरिया की मंशा अमेरिका के साथ परमाणु कूटनीति को आगे ले जाने की नहीं है जब तक कि इसका कुछ निष्कर्ष निकलकर नहीं आता। अब यह पूरी तरह से अमेरिका पर निर्भर करता है कि इस क्रिसमस में वह अपने लिए क्या तोहफा चाहते हैं।



**अमेरिका को गिफ्ट से नहर्थ कोरिया चौंकाता रहा है:** अमेरिका पर परमाणु समझौते की पूरी जिम्मेदारी डाल रहे नॉर्थ कोरिया ने पहले भी पैकेज ऑफ गिफ्ट का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौंकाया है।

दूसरे देशों को उकसाने वाले भड़काऊ गिफ्ट देना उत्तर कोरिया की परंपरा रही है। जुलाई 2017 में अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले इस एशियाई देश ने इंटरकॉन्टिनेंटल (अंतरमहाद्वीपीय) बलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की थी। इस लॉन्च के बाद किम जोंग–उन ने कहा था, श्4 जुलाई की छुट्टी से पहले हमने अमेरिका को पैकेज ऑफ गिफ्ट दिया है।

**नॉर्थ कोरिया में अब सोशलिस्ट यूटोपिया शहरः** अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर जारी जंग के बीच नॉर्थ कोरिया सोशलिस्ट यूटोपिया नाम के शहर की स्थापना का जश्न मना रहे हैं। यह शहर किम जोंग–उन के परिवार की ओर से पवित्र माने जानेवाले पर्वत के पास बसाया जा रहा है। माउंट पिकातू नाम के इस पर्वत को उत्तर कोरिया में पवित्र परवत का दर्जा प्राप्त है और किसी महत्वपूर्ण काम से पहले किम और उनके पूर्वज यहां आते रहे हैं। इस पहाड़ पर स्की रिजॉर्ट के साथ केन के बने घर हैं जिनमें करीब 4,000 लोग रहते हैं।

## सूडान फैक्ट्री में आग से 23 की मौत सरकार ने की रक्तदान की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

खार्तूम। सूडान की राजधानी में मंगलवार को एक फैक्ट्री में गैस टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 130 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर खार्तूम के औद्योगिक जोन में टाइल निर्माण इकाई में विस्फोट के बाद काले धुएं का गुबार आसमान में छा गया। कैबिनेट ने एक बयान जारी करके कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने से 23 लोगों की मौत हो गई और 130 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

**23 की मौत, 130 से अधिक के घायल होने की सूचनाः** इसमें कहा गया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि गैस टैंकर में विस्फोट से वहां आग लग गई। अलजजीरा में प्रकाशित खबर के अनुसार, मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है क्योंकि कुछ घायलों की स्थिति काफी गंभीर है। अभी तक 23 लोगों के मौत की पुष्टि प्रशासन ने कर दी है। 130 घायलों को पास के एक स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

खार्तूम प्रशासन की ओर से जारी बयान में कहा गया, श्इंडस्ट्रियल एरिया में एक मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री में आग लगने में 23 लोगों की मौत हो गई है। घायलों के इलाज के लिए सरकार ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील है।



**बच्ची से हाथ मिलाना भूले क्राउन प्रिंस, घर पहुंच दिया सरप्राइज**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद नाह्यान सोशल मीडिया पर इ दिनों छाए हुए हैं। दरअसल एक बच्ची को खुश करने के लिए क्राउन प्रिंस खुद उसके घर पहुंच गए। अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों से मिल रहे थे। उसी कार्यक्रम में अमीरात की बच्ची आयाशा भी थी, लेकिन भीड़ के कारण क्राउन प्रिंस उनसे हाथ नहीं मिला सके। इस घटना का विडियो वायरल हुआ तो क्राउन प्रिंस ने घर जाकर बच्ची से मुलाकात की और उसका माथा चूमकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पाक मंत्री ने महंगाई के लिए भारत के साथ व्यापार रद्द होने को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाक महंगाई के साथ आर्थिक मोर्चे पर भी संघर्ष कर रहा है

इस्लामाबाद। बेलगाम महंगाई के लिए इमरान खान के मंत्री ने भारत को जिम्मेदार ठहराया है। देश के एक वरिष्ठ मंत्री ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के लिए भारत के साथ व्यापार रद्द होने को कारण बताया है। पाकिस्तान में टमाटर के दाम 400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए हैं। आर्थिक मामलों के मंत्री हमाद अजहर ने मीडिया के सामने यह बयान दिया। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस वक्त विदेशी कर्ज के बोझ से दबी है और महंगाई भी लोगों को परेशान कर रही है।

**महंगाई का ठीकरा पाक मंत्री ने भारत पर फोड़ाः** प्रधानमंत्री इमरान खान की आर्थिक मामलों की टीम के वरिष्ठ सदस्य ताजा आर्थिक हालात के बारे में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। डॉन अखबार की एक खबर के मुताबिक अजहर ने खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने का ठीकरा भारत पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा, श्हमसमान छूती कीमतें खास तौर से खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि भारत के साथ व्यापार रद्द होने से हुई है।

**मंत्री का आश्वासन, जनवरी से कम होगी महंगाईः** महंगाई बढ़ने के लिए इमरान खान के मंत्री मौसमी कारणों और बिचौलियों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि केंद्र सस्ता बाजार लगाने के लिए प्रांतीय सरकार के साथ इस मामले पर विचार कर रहा है। महंगाई से बेहाल देशवासियों को आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि जनवरी–फरवरी से महंगाई कम होना शुरू होगी।

**300 रुपये किलो मिल रहा है टमाटरः** यह टिप्पणियां तब आई हैं जब टमाटर के दाम 400 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए हैं जिससे लोग परेशान हो गए हैं।पाकिस्तान ने पांच अगस्त को भारत द्वारा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद उसके साथ कूटनीतिक संबंध कमतर कर दिए और व्यापार निलंबित कर दिया। अक्टूबर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में अगले 12 महीनों में महंगाई दर 13ः रहने का अनुमान है।

### ऑस्ट्रेलिया ने पाक को दी जानेवाली सहायता राशि खत्म करने का ऐलान किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष कर रहे पाकिस्तान को वैश्विक संबंधों को लेकर भी लगातार झटके मिल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंध खत्म करने का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दी जानेवाली सहायता राशि का प्रयोग गरीब महिलाओं और लड़कियों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए दिया जाता था। ऑस्ट्रेलिया के विदेश विभाग और वाणिज्य विभाग की ओर से इसकी पुष्टि भी कर दी गई है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 1.9 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की मदद रोकी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश और व्यापार मंत्रालय ने इस आशय की रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान को दी जानेवाली सहायता राशि अब बंद की जा रही है। सहायता राशि का प्रयोग प्रशांत महासागर की नई प्रतिबद्धताओं के लिए किया जाएगा। पाकिस्तान पर 'सहायता कार्यक्रम प्रदर्शन रिपोर्ट 2018–19' शीर्षक से रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें सहायता राशि रोकने की प्रक्रिया का जिक्र है।